मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 30/10/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --559/2025
30 अक्टूबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
========================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मेन रोड, रांची तथा गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, रातू रोड, रांची के एक शिष्टमंडल ने की मुलाकात
========================

◆ मुख्यमंत्री को श्री गुरुनानक देव जी महाराज के 556 वाँ प्रकाश पर्व उत्सव में सम्मिलित होने के लिए किया सादर आमंत्रित
========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, मेन रोड, रांची तथा गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, रातू रोड, रांची के एक शिष्टमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को श्री गुरुनानक देव जी महाराज के 556 वाँ प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर आगामी 3 नवंबर को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर, कॉलोनी, रातू रोड की ओर से आयोजित होने वाले भव्य नगर- कीर्तन एवं 5 नवंबर को पीपी कंपाउंड स्थित गुरु नानक स्कूल परिसर, रांची में आयोजित होनेवाले प्रकाश पर्व उत्सव समारोह में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले शिष्टमंडल में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री ज्योति सिंह मथारू, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, रांची के प्रेसिडेंट श्री रणजीत सिंह हैप्पी, गुरुद्वारा, मेन रोड, रांची के सचिव श्री गगनदीप सिंह सेठी, गुरुनानक सत्संग सभा प्रबंधक कमिटी के अध्यक्ष श्री अर्जुन मिड्ढा, सचिव श्री सुरेश जी मिड्ढा, श्री द्वारिका दास मुंजाल, श्री सुरजीत सिंह सलूजा, श्री प्रीतम सिंह गोपी, श्री अनूप सिंह गिरधर, श्री जीतू अरोड़ा, श्री हरीश मिड्ढा एवं श्री अमरजीत सिंह शामिल थे।

==========================

#Team PRD(CMO)